Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 04-12-2006

Participants : Barad Shri Jasubhai Dhanbhai

an>

Title : Need to provide remunerative price to Kesar mango growers in Gujarat and also set up Agro based industries there.

श्री जसुभाई धानाभाई बारड़ (जूनागढ):महोदय, गुजरात राज्य में केसर आम का उत्पादन काफी अधिक होता है। पिछले तीन साल के आंकड़ों के अनुसार पूरे गुजरात राज्य में लगभग निम्नलिखित उत्पादन हुआ है:

वर्ा	उत्पादन (मिट्रिक टन लाखों में)
2003-04	5.95
2004-05	7.29
2005-06	7.72

केसर आम का लगभग 70 प्रतिशत से 75 प्रतिशत तक का उत्पादन केवल सौराट्र क्षेत्र में होता है। इतनी अधिक मात्रा में उत्पादन होने के बाद भी वहां के किसानों को सही मूल्य नहीं मिलता है तथा निजी एजेन्सियों द्वारा आम के मूल्यों को लेकर किसानों का शोाण भी किया जाता है।

किसानों को उनकी फसल का सही मूल्य नहीं मिलने से किसान अपने आम के बागों को खत्म कर रहे हैं।

मैं भारत सरकार से अनुरोध करता हूं कि गुजरात में केसर आम के उत्पादन को ध्यान में रखते हुए इस फसल का एक्सपोर्ट कराया जाए तथा एग्रो इंडस्ट्रीस स्थापित करने का प्रावधान किया जाए और इस फसल के उत्पादन को बढ़ाने के लिए तथा किसानों को उनकी फसल का सही मूल्य प्राप्त हो, इसके लिए उचित कार्यवाही की जाए। यह सरकार और किसानों के हित के लिए काफी महत्वपूर्ण है।